जाना है रे बंदेजग नाही अपना, जग नाही अपना, बेगाना है रे बंदे Bhajans Bhakti Songs

जाना है रे बंदेजग नाही अपना, जग नाही अपना,
बेगाना है रे बंदे
जाना है रे बंदे, जाना है रे बंदेसाई की नगरिया, जाना है रे बंदे,
जाना है रे बंदे पत्ता टूटा डारि से,
ले गयी पवन उड़ाय।
अब के बिछुड़े ना मिलें,
दूर पड़ेंगे जाए॥ माली आवत देखि के
कलियन करी पुकार।
फूले फूले चुन लिए,
काल हमारी बार॥साई की नगरिया, जाना है रे बंदे,
जाना है रे बंदेचलती चाकी देखि के,
दिया कबीरा रोय।
दुइ पाटन के बीच में,
साबुत बचा ना कोय॥लूट सके तो लूट ले,
सत नाम की लूट।
पाछे फिर पछताओगे,
प्राण जाहिं जब छूट॥साई की नगरिया, जाना है रे बंदे,
जाना है रे बंदेमाटी कहे कुम्हार से,

तू क्या रौंदे मोय।
एक दिन ऐसा आयेगा,
मैं रौन्धुगी तोय ॥लकड़ी कहे लुहार से,
तू मत जारे मोहि।
एक दिन ऐसा होयगा,
मैं जारुंगी तोहि ॥साई की नगरिया, जाना है रे बंदे,
जाना है रे बंदेबंदे तू कर बंदगी,
तो पावै दीदार।
अवसर मानुस जन्म का,
बहुरि ना बारंबार ॥कबीरा सोया क्या करै,
जाग ना जपै मुरारि।
एक दिना है सोवना,
लंबे पाँव पसारि ॥साई की नगरिया, जाना है रे बंदे,
जाना है रे बंदेसाई की नगरिया, जाना है रे बंदे,
जाना है रे बंदे

Source:
https://www.bharattemples.com/jaana-hai-re-bandejag-naahee-apana-jag-naahee/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw